



# Rodney आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया के बारे में मुख्य जानकारी

Version 1 | Hindi

Rodney
Local Board
Auckland Council

# मुख्य संपर्क एवं आपातकालीन सूचना

ऐसी आपात स्थितियों के लिए **111** डायल करें जहाँ जीवन या संपत्ति को गंभीर, तत्काल या निश्चित खतरा हो और पुलिस, फायर (अग्निशमन) या एम्बुलेंस को बुलाएं।

** यदि आपको सुनने या फोन पर बात करने में कठिनाई होती है, तो आपातकालीन टैक्स्टिंग सेवा '**111 TXT**' का उपयोग करने के लिए police.govt.nz/111-txt/how-register-111-txt पर रजिस्टर (पंजीकरण) करें।*

** तुरंत समुद्री सहायता के लिए, कोस्टगार्ड मरीन असिस्टेंस को **VHF चैनल 16** पर संपर्क करें।*

## ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट

**0800 222 200 डायल करें**

aucklandemergencymanagement.org.nz

**aeminfo@aucklandcouncil.govt.nz**

सोशल मीडिया:

@aklcdem @AucklandCDEM

**ऑकलैंड काउंसिल के लिए (09) 301 0101 डायल करें**

aucklandcouncil.govt.nz

## आपातकालीन जानकारी के लिए रेडियो स्टेशन

- Radio New Zealand 756 AM or 101.4 FM
- Newstalk ZB 89.4 FM
- The Hits 97.4 FM
- More FM 91.8 FM
- Radio Samoa 1593 AM
- Radio Waatea 603 AM
- Radio Spice 88 FM
- Humm 104.2 FM
- Radio Tarana 1386 AM
- Planet FM 104.6 FM
- Pacific Media Network 531 AM
- New Zealand Chinese Radio 90.6 FM
- Radio Tama-Ohi 87.7 FM

## स्थानीय दुर्घटना एवं आपातकालीन देखभाल क्लिनिक

- Coast to Coast Healthcare Wellsford सुबह 8 बजे से रात के बजे तक खुला रहता है | फोन **(09) 423 8086**
- Coast to Coast Healthcare Warkworth रोजाना सुबह 8 बजे से शाम के 7.30 बजे तक खुला रहता है फोन **(09) 425 8585**
- Northwest Medical Centre (नॉर्थवेस्ट मेडिकल सेंटर) रोजाना सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक खुला रहता है फोन **(09) 4122924**
- Silverdale Medical Centre रोजाना सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक खुला रहता है | फोन **(09) 427 9997**
- North Shore Hospital Emergency Department 24 घंटे खुला रहता है | फोन **(09) 486 8900**
- Westgate Medical Centre रोजाना सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक खुला रहता है | फोन **(09) 833 3134**
- Emergency Department (ED) Waitākere Hospital 24 घंटे खुला रहता है फोन **(09) 839 0000**

## समस्या की सूचना दें

**यदि जीवन खतरे में हो तो 111 डायल करें।**

### बिजली और गैस

यदि आपको गैस की गंध आती है, तो **111** डायल करें और फायर (अग्निशमन विभाग) की मांग करें। आउटेज (बिजली चले जाने) और खराबी के लिए, Vector (वेक्टर) को **0800 764 764** पर फोन करें या उसकी ऑनलाइन रिपोर्ट vector.co.nz/personal/outages-faults पर करें। इसके अलावा बिजली कटौती की सूचना अपने बिजली प्रदाता को भी दें।

### इंटरनेट

अपने ब्रॉडबैंड से संबंधित किसी समस्या की रिपोर्ट करने के लिए अपने प्रदाता से संपर्क करें। ब्रॉडबैंड में रुकावट को रियल टाइम (वास्तविक समय) में देखने के लिए chorus.co.nz/outages पर जाएं।

### बाढ़ आना

ऑकलैंड काउंसिल को बाढ़ की रिपोर्ट करने के लिए **(09) 301 0101** पर फोन करें।

### जल आपूर्ति और गंदा पानी

किसी समस्या की रिपोर्ट करने के लिए, Watercare को Live Chat के जरिए watercare.co.nz पर संपर्क करें या **(09) 442 2222** नंबर पर फोन करें और **1** दबाएं। आउटेज या खराबी के लिए यहाँ जाएं watercare.co.nz/Faults-outages/Current-outages-and-upcoming-shutdowns

### गिरे हुए पेड़ या मलबा

सार्वजनिक भूमि पर गिरे हुए पेड़ों या मलबे की रिपोर्ट करने के लिए ऑकलैंड काउंसिल के 'Report a Problem' टूल पर जाएं। aucklandcouncil.govt.nz/report-problem/Pages/report-a-problem.aspx

### सड़कें

किसी बहुत जरूरी स्टेट हाईवे (राज्य राजमार्ग) मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए, NZ Transport Agency को **0800 44 44 49** पर फोन करें। किसी गैर-जरूरी मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए, यहाँ जाएं nzta.govt.nz/contact-us/email-us/state-highway-issue-or-feedback

ऑकलैंड मुख्य सड़क संबंधी तत्काल समस्या की रिपोर्ट करने के लिए ऑकलैंड ट्रांसपोर्ट को **(09) 355 3553** नंबर पर फोन करें। किसी गैर-जरूरी मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए Auckland Transport की वेबसाइट contact.at.govt.nz पर जाएं। स्टेट हाईवेज़ पर रुकावटों को देखने के लिए NZ Transport Agency के Waka Kotahi के यात्रा प्लानर को journeys.nzta.govt.nz/journey-planner पर देखें।

मुख्य सड़कों पर व्यवधानों यानि रुकावटों और सड़क निर्माण कार्यों एवं रुकावटों के बारे में जानने के लिए Auckland Transport के वेबपेज at.govt.nz/projects-initiatives/roadworks-and-disruptions को देखें।

### लैंडस्लाइड्स (भूस्खलन)

यदि आपको संदेह है कि भूस्खलन होने वाला है, तो सुनिश्चित करें कि आप और आपका परिवार सुरक्षित हैं और यदि जान-माल या जिस इमारत में लोग रहे हैं, उसे तत्काल खतरा है तो **111** डायल करें। ऑकलैंड काउंसिल को **(09) 301 0101** पर फोन करें या या अन्य जीयोटैक्नीकल (भू-तकनीकी) इंजीनियरों से संभावित खतरे का आकलन कराएं।

# आपातकालीन कार्यवाहियाँ

**अपने परिवार की आपातकालीन घरेलू योजना को कार्यान्वित करें।**

**अगर जान को खतरा हो तो 111 नंबर डायल करें**

## अगर आप घर पर सुरक्षित हैं


- घर पर ही रहें।
- अपने आपातकालीन सामान का उपयोग करें।
- आधिकारिक स्रोतों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें:
  - ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट
  - नेशनल एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी
  - रेडियो स्टेशन (RNZ, Newstalk, The Hits, MoreFM)
  - Met Service & app (मौसम सेवा और ऐप)
  - GeoNet & app (जीयोनेट और ऐप)
- अपने पड़ोसियों और आस-पास के अन्य लोगों की खोज-खबर लें।
- अपने परिवार और दोस्तों से संपर्क में रहें।

**टैक्स्ट या सोशल मीडिया का उपयोग करें, जिन लोगों को तुरंत सहायता की जरूरत हो उनके लिए फोन लाइनों को खाली रखें।**

## अगर आप घर पर असुरक्षित हैं

- अपने ग्रैब बैग (एमरजेंसी के लिए तैयार किया बैग) को साथ ले जाएं।
- अपने निकासी मार्गों का उपयोग करें।
- यदि संभव हो तो, सुरक्षित परिवार या मित्रों के साथ रहें या अपने निकटतम सामुदायिक आपातकालीन केंद्र पर जाएं या अपने निकटतम कम्युनिटी एमरजेंसी हब/सिविल डिफेंस सैंटर में जाएं। रेडियो स्टेशनों को सुनें या ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट की वेबसाइट/सोशल मीडिया पर देखें कि कौन से स्थान खुले हैं। नागरिक सुरक्षा केंद्रों में टेलीफोन पर भाषा दुभाषिए उपलब्ध हैं।

**आपातकालीन सेवाओं द्वारा आपको खाली करने के लिए कहे जाने का इंतजार न करें।**



## क्या आपकी आपातकाल के दौरान स्वयंसेवा करने में रुचि है?

स्वयंसेवा के अवसरों के लिए अपने स्थानीय सामुदायिक आपातकालीन केंद्र से संपर्क करें या ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट की वेबसाइट पर जाएं।

## Rodney क्षेत्र में और उसके आसपास प्रोविज़नल सिविल डिफेंस सैंटर्स

निम्नलिखित तालिका में उन प्रोविज़नल सिविल डिफेंस सैंटर्स की सूची दी गई है जो Rodney क्षेत्र में उपलब्ध हो सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि निकासी (खाली करके जाने) से पहले आधिकारिक सूचना स्रोतों aucklandemergencymanagement.org.nz और रेडियो स्टेशनों के माध्यम से जाँच कर ली जाए कि वे खुले हैं या नहीं।

| स्थान | उपलब्ध सेवाएं | सुलभता |
|---|---|---|
| **Wellsford Community Centre**<br>224 Rodney Street, Wellsford 0900 | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| **Warkworth Town Hall**<br>2 Alnwick Street, Warkworth 0910 | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| **Waimauku War Memorial Hall**<br>24 Waimauku War Memorial Hall | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| **Helensville War Memorial Hall**<br>49 Commercial Road | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| ***Ōrewa Community Centre**<br>40-46 Ōrewa Square, Ōrewa | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| ***Te Manawa**<br>11 Kohuhu Lane, Westgate | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |
| ***North Harbour Stadium**<br>Stadium Drive, Albany 0632 | • आवास<br>• खाद्य और पेय<br>• जानकारी तक पहुँच | • सुलभ शौचालय<br>• व्हीलचेयर अनुकूल |

**Rodney लोकल बोर्ड क्षेत्र के भीतर नहीं है, लेकिन कुछ निवासियों के लिए इस सुविधा तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक हो सकता है*

## Rodney क्षेत्र में और उसके आसपास प्रोविज़नल सिविल डिफेंस हब्स

कृपया जाने से पहले जाँच कर लें कि आपका स्थानीय Community Emergency Hub (सामुदायिक आपातकालीन केंद्र) खुला है या नहीं। याद रखें कि ये सामुदायिक आपातकालीन केंद्र सामुदायिक स्वयंसेवकों द्वारा चलाए जाते हैं और केवल आवश्यकता पड़ने पर ही खुलेंगे। कुछ सामुदायिक आपातकालीन केंद्र समूह अभी भी विकास के चरण में हैं और हो सकता है कि वे इस संस्करण में सूचीबद्ध न हों। आपातकालीन स्थिति में, यदि सुरक्षित हो, तो उन्हें अन्य स्थानीय सामुदायिक सुविधाओं के साथ सक्रिय किया जा सकता है। नवीनतम जानकारी के लिए अपने स्थानीय नेटवर्क की जाँच अवश्य करें।

| स्थान | समूह और संपर्क विवरण |
|---|---|
| **Leigh Hall**<br>4 Cumberland Street, Leigh | Leigh Community Resilience Group |
| **Whangateau Hall**<br>Whangateau Domain, 533 Leigh Road, Whangateau | Whangateau Community Resilience Group |
| **Omaha Community Centre**<br>1 North West Anchorage, Omaha Beach | Omaha Beach Community<br>facebook.com/groups/1434273373519653 |
| **Point Wells Hall**<br>5 Point Wells Road, Point Wells | Point Wells Community Resilience Group |
| **Warkworth Town Hall**<br>2 Alnwick Street, Warkworth | Warkworth Community Resilience Group |
| **Ferguson House (Carpark staging area)**<br>8 Ridge Rd, Scotts Landing | MERRA Citizens Response group<br>scottslanding.org/community-response-civil-defence/<br>merra.crg@gmail.com |
| **Mahurangi East Community Centre (Primary)**<br>34 Hamatana Road, Snells Beach | Mahurangi East Community Emergency Network<br>facebook.com/groups/2402792369903203 |
| **Mahurangi East Tennis Club**<br>296 Mahurangi East Rd, Snells Beach | Mahurangi East Community Emergency Network<br>facebook.com/groups/2402792369903203 |
| **Snells Beach Community Church**<br>325 Mahurangi East Rd, Snells Beach | Mahurangi East Community Emergency Network<br>facebook.com/groups/2402792369903203 |
| **Mahurangi West Hall**<br>Mahurangi West Road, Mahurangi West | Mahurangi West Community Response Group<br>facebook.com/groups/168767454380742/ |

| स्थान | समूह और संपर्क विवरण |
|---|---|
| **Puhoi Centennial Hall**<br>88 Puhoi Road, Puhoi | Puhoi Emergency Group (Community Resilience) (सामुदायिक लचीलापन)<br>facebook.com/groups/608638874545699/ |
| **Ahuroa Fire Brigade**<br>383 West Coast Road, Ahuroa | Ahuroa Volunteer Fire Brigade<br>facebook.com/p/Ahuroa-Volunteer-Fire-Brigade-100090471041518/ |
| **Ahuroa Community Hall**<br>1345 Ahuroa Road, Ahuroa | |
| **Ahuroa School**<br>1349 Ahuroa Road, Ahuroa | ahuroa.school.nz/ \| **(09) 422 5898** |
| **Kaukapakapa Emergency Hub - Kaipara Bible Chapel**<br>1065 Kaipara Coast Highway, Kaukapakapa | Kaukapakapa Emergency Network<br>facebook.com/profile.php?id=61550914351345 |
| **Kumeū Community Centre**<br>35 Access Rd, Kumeū | Kumeu Emergency Network<br>facebook.com/kumeuemergencynetwork/ \| hellokumeuen@gmail.com |
| **St Chad's Anglican Church**<br>7 Matua Road, Huapai | Kumeu Emergency Network<br>facebook.com/kumeuemergencynetwork/ \| hellokumeuen@gmail.com |
| **Kumeū Cricket Club**<br>Huapai Domain 6 Tapu Road, Huapai | Kumeu Emergency Network<br>facebook.com/kumeuemergencynetwork/ \| hellokumeuen@gmail.com |
| **Muriwai Golf Club**<br>101 Coast Road, Muriwai | Muriwai Golf Club **(09) 411 8454**<br>Muriwai Comvmunity Emergency Network Group<br>facebook.com/MuriwaiEmergencyNetwork |
| **Muriwai Surf Club**<br>100 Jack Butt Lane, Muriwai | Muriwai Surf Club **(09) 411 8045**<br>Muriwai Community Emergency Network Group<br>facebook.com/MuriwaiEmergencyNetwork |
| **Houghton's Bush Camp**<br>75 Motutara Road, Waimauku | Houghton's Bush Camp **(09) 411 9221**<br>Muriwai Community Emergency Network Group<br>facebook.com/MuriwaiEmergencyNetwork |
| **Waitoki Community Hall**<br>1095 Kahikatea Flat Road, Waitoki | Waitoki Community Hall society<br>facebook.com/groups/700507126801398 \| waitokihall@gmail.com |
| **Helensville Tennis Club ( Lions Lounge)**<br>164 Rautawhiri Road, Helensville | South Kaipara Emergency Network<br>facebook.com/profile.php?id=100090811081437 |
| **Helensville War Memorial Hall**<br>2 Porter Crescent, Helensville | South Kaipara Emergency Network<br>facebook.com/profile.php?id=100090811081437 |
| **Helensville Primary School**<br>29 Rata, St Helensville | South Kaipara Emergency Network<br>facebook.com/profile.php?id=100090811081437 |
| **North West Country Incorporated business hub**<br>103C Mill Road, Helensville<br>(Level 1 above The Real Bread Project) | North West Country business association<br>facebook.com/NorthWestCountryNZ<br>South Kaipara Emergency Network<br>facebook.com/profile.php?id=100090811081437 |
| **Hibiscus Coast Salvation Army**<br>32 Greenview Lane, Red Beach, Hibiscus Coast | Hibiscus North Community Resilience Group (HNCRG)<br>facebook.com/profile.php?id=61561299764414<br>Hibiscus Coast Salvation Army **(09) 426 0239**<br>facebook.com/HibiscusCoastSalvationArmy \| salvationarmy.org.nz/centres/nz/auckland/hibiscus-coast/hibiscus-coast-corps |
| **Nukumea Primary School**<br>9 Crozier Place Ōrewa | Hibiscus North Community Resilience Group (HNCRG)<br>facebook.com/profile.php?id=61561299764414<br>Nukumea Primary School nukumea.school.nz |
| **Saint Chad's Church Ōrewa**<br>117 Centreway Road, Orewa 0931 | Hibiscus North Community Resilience Group (HNCRG)<br>facebook.com/profile.php?id=61561299764414<br>St Chad's, Ōrewa **(09) 426 4952** \| aucklandanglican.org.nz |
| **Te Herenga Waka Ōrewa Marae**<br>2A Blue Gum Avenue, Stanmore Bay, Silverdale | Te Herenga Waka Ōrewa Marae **(09) 427 8958**<br>teherengawakaoorewa.co.nz \| facebook.com/THWmarae |
| **Albany Community Hub**<br>575a Albany Highway, Albany | Albany Community Hub **(09) 4154615**<br>facebook.com/AlbanyCommunityHub \| albanycommunityhub.co.nz |
| **Sherwood Primary School**<br>40 Sartors Avenue, Browns Bay | Heart of the Bays Community Readiness Group<br>facebook.com/profile.php?id=61552281369912 |

# घर पर तैयारी करें (तैयार हो जाएं)




## यदि आपको घर छोड़ कर जाना पड़े तो एक ग्रैब बैग तैयार रखें

**एक ग्रैब बैग तैयार करें**

ग्रैब बैग एक छोटा बैकपैक होता है जिसमें ऐसा जरूरी सामान होता है जिसे आप [किसी आपातकालीन स्थिति में] निकासी के  समय अपने साथ ले जा सकते हैं। अपने परिवार के हर सदस्य के लिए एक ग्रैब बैग तैयार रखें।

आपका ग्रैब बैग इतना भारी नहीं होना चाहिए कि आप उसे ज्यादा दूर तक पैदल न ले जा सकें।

आपके ग्रैब बैग में शामिल करने योग्य सामान है:

- ☑ ट्रेनिंग में काम आने वाले जूते/चलने-फिरने में आरामदायक जूते (उन्हें पहन लें), एक.रनकोट, एक हैट और गरम कपड़े।
- ☑ पानी और स्नैक्स (हल्का नाश्ता)।
- ☑ हैंड सैनिटाइजर।
- ☑ पॉवर बैंक और फोन चार्जर।
- ☑ नकद राशि।
- ☑ फोटो आईडी (पहचानपत्र)।
- ☑ दवाइयां।
- ☑ एक फर्स्ट एड किट
- ☑ एक टॉर्च।
- ☑ एक बैटरी रेडियो।
- ☑ पालतू जानवर का भोजन, दवाएँ और कैरियर (वाहक) या पट्टा।
- ☑ शिशु का सामान, जैसे कि भोजन, फॉर्मूला और नैपीज़।

***यदि आपको अस्थमा (दमा) या सांस संबंधी कोई बीमारी है, तो सुनिश्चित करें कि आपके बैग में मास्क और आवश्यक दवाएँ हों।**




## आपातकालीन सामान रखें

**[उसमें] तीन दिनों के लिए आपातकालीन सामान रखें**

कम से कम तीन दिनों के लिए पानी, भोजन और आवश्यक वस्तुओं का स्टॉक रखें, जिन्हें आप जल्दी में उठा सकें और अंधेरे में भी ढूंढ सकें।

आपके घर पर रखने के लिए आपातकालीन सामान में निम्न शामिल हैं:

- ☑ आपके घर के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कम से कम नौ लीटर पानी, जो तीन दिनों तक पीने तथा बुनियादी स्वच्छता के लिए पर्याप्त हो।
- ☑ लंबे समय तक चलने वाला भोजन जिसे पकाने की जरूरत नहीं होती, विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए।
- ☑ अपने कैम्पिंग स्टोव या BBQ के लिए अतिरिक्त गैस रखें (इनका उपयोग कभी भी घर के अंदर न करें)।
- ☑ आपातकालीन शौचालय के लिए ट्वॉयलेट पेपर, प्लास्टिक बैग और बड़ी प्लास्टिक की बाल्टियाँ।
- ☑ निर्धारित दवाएँ।
- ☑ स्वच्छता के लिए गंधहीन ब्लीच (अक्सर सस्ते सुपरमार्केट ब्रांड), कपड़े और रबर के दस्ताने।
- ☑ काम वाले भारी-भरकम दस्ताने।
- ☑ चेहरे के लिए मास्क।
- ☑ टॉर्च और अतिरिक्त बैटरियां। आग के खतरे को कम करने के लिए मोमबत्तियों के बजाय टॉर्चों का प्रयोग करें।
- ☑ इलेक्ट्रॉनिक या मोबाइल उपकरणों को चार्ज करने के लिए एक पावर बैंक।
- ☑ एक बैटरी से चलने वाला रेडियो।
- ☑ एक फर्स्ट एड किट।

**याद रखें कि रेडियो सुनने और उपकरणों को चार्ज करने के लिए आप अपनी कार का उपयोग कर सकते हैं।**

# किसी आपातस्थिति की तैयारी के लिए सबसे प्रमुख युक्तियां

अपने खतरों को जानें। अपने घर, काम की जगह और स्कूल के लिए ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट के Hazard Viewer (हैज़र्ड व्यूअर) को देखें।

यदि आपको घर खाली करना पड़े तो आप कहाँ जा सकते हैं इस बारे में जानें। अपने निकासी मार्गों की योजना बनाएं।



घर-परिवार की योजना बनाएं, जिसमें निकासी भी शामिल हो।




यदि आपको घर छोड़ कर जाना पड़े तो एक ग्रैब बैग तैयार रखें।



अपने घर और कार में आपातकालीन समय के लिए सामान रखें।




अपने समुदाय के साथ तैयारी करें और अपने समुदाय की आपातकालीन योजना को जानें।

अपने पास अतिरिक्त नकद राशि रखें। अपनी बीमा (पॉलिसी) की जाँच करें और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में तथा हार्ड कॉपी (कागज़) के रूप में पास रखें।



अपने पड़ोसियों से जान-पहचान करें और एक-दूसरे का ख्याल रखें।



अपने लाइफ़स्टाइल ब्लॉक या फ़ार्म को तैयार करें।



अपने व्यवसाय को तैयार करें।

तैयारी के बारे में अधिक सुझावों के लिए getready.govt.nz पर जाएं।

खतरे को कम करने, तैयारी, प्रतिक्रिया और रिकवरी के बारे में सुझावों के लिए अपनी स्थानीय बोर्ड आपातकालीन तत्परता और प्रतिक्रिया योजना को पढ़ें।

खतरों को कम करने, आपातकालीन तैयारी, प्रतिक्रिया और रिकवरी पर अधिक जानकारी के लिए **aucklandemergencymanagement.govt.nz** पर जाएं

Auckland Emergency Management
Tokonga Mate Ohotata o Tāmaki Makaurau